चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता/1644
दिनांक :-09.8.2024

सेवा में,

01. सचिव/प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध संस्थान/महाविद्यालय,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

02. समस्त विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष/निदेशक
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, परिसर,
मेरठ।

विषयः— संस्कृत प्रतिभा खोज 2024 के अन्तर्गत आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में छात्र/छात्राओं को प्रतिभाग कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया निदेशक, उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम्, संस्कृत-भवनगम् नया हैदराबाद, लखनऊ के संलग्न पत्र संख्याः 204/संसं/24, दिनांक 20.07.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा राज्य स्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज का आयोजन हेतु वर्ष 2024 में होने वाली मण्डल एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में किसी भी विषय से स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षा में अध्ययरन करने वाले राज्य/निजि विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के इच्छुक छात्र दिनांक 10.08.2024 तक http://upsanskritpratibhakhoj.com पर निशुल्क आनलाईन आवेदन करने हेतु सूचित किया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में आपको उपर्युक्त पत्र की प्रतियाँ इस आशय के साथ संलग्न कर प्रेषित की जा रही है कि आप इच्छुक छात्र/छात्राओं को प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने करने हेतु अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः— उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपिः—

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
02. सचिव कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
03. प्रभारी वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
04. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

प्रधान सहायक (सम्बद्धता)

upsanskritsansthanam@yahoo.com

# उत्तर–प्रदेश–संस्कृत–संस्थानम्

(भाषा विभाग, उ.प्र. शासन के नियंत्रणाधीन)
संस्कृत–भवनम्, नया हैदराबाद, लखनऊ – 226 007
वेबसाइट : www.upsanskritsansthanam.in

R 15437
26/7/24

पत्रांक 204/सं.प्र./24
दिनाङ्क 20/07/24

A-4115
7-8-24

प्रेषक,

निदेशक,
उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान
नया हैदराबाद, लखनऊ।

O.S (AIM)

Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut

सेवा में,

कुलसचिव,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ, उत्तर प्रदेश।

विषयः- संस्कृत प्रतिभा खोज 2024 के अन्तर्गत आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में छात्र / छात्राओं को प्रतिभाग कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन अधीन उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा कक्षा 6 से स्नातकोत्तर तक के छात्र-छात्राओं के लिए जनपद, मंडल तथा राज्यस्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2024 में आयोजित होने वाली मंडल तथा राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में किसी भी विषय से स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षा में अध्ययन करने वाले राज्य/ निजी विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय के इच्छुक छात्र दिनांक 10 अगस्त 2024 तक http://upsanskritpratibhakhoj.com पर जाकर निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

मंडल से आरंभ होने वाली संस्कृत गीत (युवा वर्ग) तथा राज्यस्तरीय संस्कृत भाषण एवं संस्कृत श्रुतलेखन प्रतियोगिता में सभी विषयों के स्नातक तथा स्नातकोत्तर के विद्यार्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। उक्त प्रतियोगिता में प्रवेश के लिए जूम / मीट पर ऑनलाइन अर्हता परीक्षा आयोजित होगी। इसमें उत्तीर्ण प्रतिभागी को मंडल तथा राज्य की प्रतियोगिता में प्रवेश दिया जाएगा।

## पुरस्कार राशि

| | मंडलस्तरीय प्रतियोगिता | राज्यस्तरीय प्रतियोगिता |
|---|---|---|
| प्रथम स्थान | रू.3000/- | रू.11000/-, |
| द्वितीय स्थान | रू. 2000/- | रू. 7000/-, |
| तृतीय स्थान | रू.1000/- | रू.5000/- |
| सान्त्वना | - | रू.3000/- (कुल तीन पुरस्कार) |